राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाला शातिर बदमाश पकड़ा

खुद को आर.एस.एस. का राष्ट्रीय विचारक बताता था आरोपी कुशल चौधरी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। करणी विहार पुलिस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) के फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार आरोपी कुशल चौधरी खुद को आर.एस.एस. का राष्ट्रीय विचारक बताता था। पुलिस ने उसके पास से फर्जी व कूटरचित दस्तावेज भी जब्त किए हैं। आरोपी ने स्वयं को राजस्थान लोक सेवा आयोग (आर.पी.एस.सी.) का अध्यक्ष मनोनीत करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक (आर.एस.एस.) के लेटर पैड पर कूटरचित पत्र तैयार कर मुख्यमंत्री राजस्थान को पत्र भी जारी किया था, जिसकी प्रतिलिपि प्रधानमंत्री को भी भिजवाई।

गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह असम निःशक्तजन आयोग गुवाहाटी में आयुक्त मनोनीत करने के लिए मुख्यमंत्री असम को आर.एस.एस. के फर्जी व कूटरचित पत्र जारी कर चुका हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के किसी भी पद पर नहीं है, ना ही किसी शाखा से जुड़ा हुआ हैं। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि करणी विहार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खुद को राष्ट्रीय स्वयंसेवक (आरएसएस) का राष्ट्रीय विचारक बताने वाले और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने आरोपी कुशल चौधरी (31) निवासी चौधरी कॉलोनी (सैनिक कॉलोनी) बीकानेर रोड, नागौर हाल सत्यं अपार्टमेंट, जीवन विहार कॉलोनी करणी विहार जयपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लैपटॉप व एक एंड्रॉयड मोबाइल मिला, जिसे जब्त कर लिया गया हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले बदमाश कुशल चौधरी को करणी विहार थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि 31 अक्टूबर को आर.एस.एस. से जुड़े विजय सिंह ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि सोशल मीडिया व अन्य स्त्रोतों से जानकारी प्राप्त हुई कि कुशल चौधरी, जो स्वयं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विचारक बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लेटर पैड पर कूटरचित फर्जी दस्तावेज तैयार कर स्वयं को असम निःशक्तजन आयोग गुवाहाटी में आयुक्त मनोनीत करने के लिए मुख्यमंत्री असम सरकार को आरएसएस के फर्जी व कूटरचित पत्र जारी किया है।

इसके अलावा आरोपित स्वयं को राजस्थान लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष मनोनित करने के लिए फर्जी पत्र तैयार कर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को जारी कर प्रतिलिपि प्रधानमंत्री को भिजवाई है। कुशल चौधरी, आर.एस.एस. के किसी भी पद पर पदस्थापित नहीं है और ना ही संघ की किसी शाखा से जुड़ा हुआ है। वह फर्जी दस्तावेज तैयार कर स्वयं को लाभ पहुंचाने की नीयत से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की छवि धूमिल कर रहा है। इस सूचना मिलने पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कर आरोपित कुशल चौधरी को चिन्हित करते हुए पकड़ा। पुलिस पूछताछ में कई चौकाने वाले खुलासे होने की संभावना है।

- **उसने खुद को आर.पी.एस.सी. का अध्यक्ष मनोनीत करवाने के लिए आर.एस.एस. के फर्जी लेटरपैड पर मुख्यमंत्री राजस्थान को सिफारिश तक भेजी थी**
- **इसके अलावा खुद को असम निःशक्तजन आयोग गुवाहाटी में आयुक्त मनोनीत करने के लिए मुख्यमंत्री असम को भी फर्जी व कूटरचित पत्र जारी कर चुका हैं।**

34 घूमंतु बस्तियों में धूमधाम से मनाई दिवाली

जयपुर। घूमंतु जाति उत्थान न्यास की ओर से राजधानी की विभिन्न 34 घूमंतु बस्तियों में दीपावली धूमधाम से मनाई गई। इसके अंतर्गत बस्तीवासियों ने सामूहिक रूप से मां लक्ष्मी, गणेशजी और सरस्वती का पूजन किया। दीप जलाकर सामूहिक आरती की। इस मौके पर बस्तीवासियों को दीपावली पूजन सामग्री, खाद्य सामग्री, मिठाई, बच्चों को पटाखे-चॉकलेट का वितरण किया गया। घूमंतु जाति उत्थान न्यास के जयपुर महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्याधर भाग में आनंद चौराहा, लोहामंडी लुहार बस्ती, लोहामंडी बंजारा बस्ती, बत्तीस दुकान, आकेडा डूंगर की सपेरा बस्ती, विद्याधर नगर के परशुराम सर्किल, सेंट्रल स्पाइन की बस्तियों में आयोजित कार्यक्रमों में बस्तीवासियों के साथ समाज के अन्य लोग भी शामिल हुए। कई बस्तियों में पहली बार इतने उत्साह के साथ दीपावली मनाई गई। बस्तीवासियों ने उत्साह के साथ दीये जलाए। बच्चों ने रंगीन आतिशबाजी की।

ज्योतिनगर की वाल्मीकि बस्ती में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। बस्तीवासियों को दीपावली पूजन सामग्री के साथ खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। यहीं पर गाडिय़ा लुहार बस्ती के 21 परिवारों को भी सामग्री वितरित की गई। किशन लाल बंसीवाल ने दीपावली के महत्व एवं सामाजिक समरसता विषय पर प्रबोधन दिया। वीकेआई बत्तीस दुकान, रोड नंबर 12 की लोहार बस्ती में दीपावली किट वितरण किया गया। मालवीयनगर में अपेक्स सर्किल के पास दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। त्रिवेणीनगर पुलिया के पास स्थित लुहार बस्ती में दीपावली किट वितरण के बाद गोपाल नगर के सह नगर कार्यवाह गोपाल ने बौद्धिक दिया।

20 से अधिक ई-मित्र संचालकों को पुलिस ने डिटेन किया

- **फर्जी तरीके से बांग्लादेशी नागरिकों के दस्तावेज बनाने का मामला**

जयपुर। भांकरोटा थाना इलाके में फर्जी तरीके से बांग्लादेशी नागरिकों के सरकारी दस्तावेज बनाने के मामले में पुलिस ने बीस से अधिक ई-मित्र संचालक सहित अन्य लोगों को डिटेन किया है। अब पुलिस इन संचालकों और उनके कर्मचारियों से बांग्लादेशियों के दस्तावेज बनाने के तरीके पूछ रही है। जानकारी में सामने आया है कि पुलिस जल्द इन संचालक और ई-मित्र पर काम करने वाले कर्मचारियों को गिरफ्तार कर सकती हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार के अनुसार भांकरोटा थाना इलाके में बांग्लादेशियों के फर्जी तरीके से आधार कार्ड व पहचान पत्र बनाने के मामले में कुछ ई-मित्र संचालकों की भूमिका सामने आई है। इस संबंध में पकडे गए बांग्लादेशी नागरिक सोहाग खान, नोजू फकीर व सहयोग करने वाले स्थानीय फिरोज कुरैशी से पूछताछ में कई लोगों के नाम सामने आए हैं।

साथ ही इस गिरोह ने बड़ी संख्या में अवैध तरीके से सीमा पार से आए बांग्लादेश के नागरिकों के राजस्थान सहित भारत के कई राज्यों के दस्तावेज बनवाए हैं। पुलिस इस संबंध में पूछताछ कर तस्दीक कर रही है।

वहीं पुलिस की रडार पर आए बांग्लादेशियों से पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि कैसे उन लोगों ने राजस्थान के लोगों की आईडी का सहारा लेकर अपने फर्जी दस्तावेज एजेंसी के सहारे बनाए। एक फर्जी परिचय पत्र बनाने के लिए कई सेंटर के लोगों ने पांच सौ से एक हजार रुपए लिए हैं। ई-मित्र संचालकों ने पुलिस की सख्ती के बाद से गायब रहना शुरू कर दिया है। अलग-अलग थाना पुलिस अभी तक 20 से अधिक ई-मित्र संचालक और सेंटर पर काम करने वाले अन्य लोगों को डिटेन कर पूछताछ कर चुकी है। इसी पूछताछ में कई नाम सामने आए हैं। वहीं इन बदमाशों से पूछताछ के दौरान यह भी सामने आया है कि इन लोगों ने राजस्थान में रह रहे बांग्लादेशियों का ही नहीं अन्य राज्यों में बैठे बांग्लादेशियों के भी सरकारी दस्तावेज बना रखे हैं। इसे लेकर पश्चिम जिला पुलिस एक बड़ा खुलासा करने की तैयारी कर रही है।

दीपोत्सव मनाया

जयपुर। राजस्थान में ब्रह्माकुमारीज पीस पैलेस जयपुर सेवा केंद्र पर दीपावली त्योहार सतयुगी अंदाज में मनाया गया। सेवा केंद्र संचालिका हेमलता बहन ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने राम महिमा, महाभारत तथा मोटिवेशनल सोंग्स पर अपनी विशेष प्रस्तुति दी। सभी आगंतुकों को ताज, तिलक एवं चुनरी पहनाकर सम्मान किया गया।

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मूलफरिक) वाद सं. 34/2024 (उत्तराधिकार)
विषयः उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र।
प्रार्थीः नाम प्रहर्ष कुमार गौड पुत्र श्री प्रदीप गौड जाति ब्राह्मण विवाद स्थान मकान नम्बर 72/281, परमहंस मार्ग, मानसरोवर, जयपुर (राज.)
मृतक श्रीमति कमला देवी की सम्पत्ति के विषय में पेशी दिनांकः 03.12.2024। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/ प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना- पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीमति कमला देवी पत्नि स्व. श्री प्रेम बिहारी गौर जाति ब्राह्मण निवासी 72/281, परमहंस मार्ग, मानसरोवर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकारी प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे। अतः उक्त प्रार्थना- पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 03 माह 12 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 21 माह 10 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, संख्या 10
जयपुर महानगर, प्रथम
सांगानेर
(मुहर)

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री मुनेश्वर प्रसाद गौड पुत्र श्री दामोदर प्रसाद गौड, उम्र 66 वर्ष, निवासी- प्लाट संख्या एस-27, संजय कॉलोनी, आर.पी.ए. रोड, पानीपेच, जयपुर, राजस्थान का निवासी है। मेरे अभिभाष्य का पुत्र विवेक गौड उम्र 38 वर्ष जिसका आचरण ठीक नहीं है वह अपने माता पिता के कहने में नहीं है तथा उसके द्वारा अपने परिजन के साथ दुर्व्यवहार, रोजमर्रा के झगडो के कारण मेरे अभिभाष्य ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है एवं समस्त आमजनो/ रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य के पुत्र के साथ किसी भी प्रकार का संव्यवहार व लेनदेन किया जाता है तो इसके लिये मेरे अभिभाष्य का यह पुत्र स्वयं जिम्मेदार होगा तथा इसमें मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे
भवदीय (जयवर्धन शर्मा) एडवोकेट- 9828674042

आम सूचना
मेरे अभिभाष्या शीला गुप्ता पुत्री श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता पत्नी श्री संजीव गुप्ता निवासी मकान नम्बर सी-60, सचिवालय विहार, कल्याणपुरा, न्यूसांगानेर रोड, जयपुर-302020, राजस्थान के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्या का पति संजीव गुप्ता पुत्र श्री नरेश कुमार गुप्ता से वर्ष 2015 से विवाद हो गया था जिसके कारण मेरे अभिभाष्या वर्ष 2015 से अपने पति से उपरोक्त पते पर निवास कर रही है मेरे अभिभाष्या के नाम से जो भी चल-अचल सम्पत्ति है उसमें मेरे अभिभाष्या के पति का कोई लेना देना नहीं है अगर अभिभाष्या के पति द्वारा किसी प्रकार का कोई लेन देन, बकाया, सरकारी, अर्द्धसरकार से ऋण आदि करता है तो वह मेरे अभिभाष्या का पति संजीव गुप्ता स्वयं जिम्मेदार रहेगा। जिसमें मेरे अभिभाष्या की जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।
दिनांक- 30.10.2024
जयपुर
(चिमनाराम पूनियाँ)
एडवोकेट
मो. 9829053302

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/एए/जोन-4/2024/डी-2051 दिनांक-29.10.2024
सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक की आलोक हल्दिया पुत्र श्री ज्ञानेश हल्दिया द्वारा ज्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-एच के भूखण्ड संख्या एच-344 का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टे हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है।
पूर्व में इस कार्यालय द्वारा ज्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-एच, के भूखण्ड संख्या एच-344, क्षेत्रफल 372.39 वर्गगज का पट्टा श्री आलोक हल्दिया पुत्र श्री ज्ञानेश हल्दिया के पक्ष में क्रमांक 1743 दिनांक 14.12.2012 को जारी किया गया, जिसे उप पंजीयक जयपुर-प्रथम के यहां दिनांक 22.02.2013 को पंजीबद्ध करवाया गया। आवेदक द्वारा उप पंजीयक जयपुर-प्रथम के यहां से प्रमाणित प्रति प्राप्त कर अभिलग्नित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा गुमशुदगी रिपोर्ट की प्रति भी प्रस्तुत की गयी है।
उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों के आधार पर आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टा जारी करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देंवे। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-4, जविप्रा, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत - तृतीय,
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर 0141-490185
आम आंहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-2/3 मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री मनोहर श्याम गोयल पुत्र श्री मुरली श्याम गोयल को किया गया था जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 19675 दिनांक 07.02.1983 जारी किया गया। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 23.03.2000 को करवाया गया। श्री मनोहर श्याम मोहन की मृत्यु दिनांक 28.09.2000 को जाने के कारण श्री धनेन्द्र गोयल पुत्र स्व. श्री मनोहर श्याम गोयल, श्री जितेन्द्र गोयल पुत्र स्व. श्री मनोहर श्याम गोयल के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, पंजीकृत हकत्याग पत्र की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री धनेन्द्र गोयल पुत्र स्व.श्री मनोहर श्याम गोयल, श्री जितेन्द्र गोयल पुत्र स्व.श्री मनोहर श्याम गोयल के नाम से उक्त आवास की प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय रा.आ. मण्डल जयपुर

संख्यांक 2
विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
नाम न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश महा. मजि. क्रम सं. 18॥ आमेर जयपुर
निसार अहमद विरूद्ध शांति नगर गृह निर्माण
वाद बाबत स्थाई निषेधाज्ञा वाद सं. 22 सन् 2024
नाम कुलदीप सोनी पुत्र नामालूम जाति ... स्थान ओमप्रकाश चौधरी पुलिसकर्मी पुलिस थाना, जयसिंहपुरा खोर, जयपुर वादी ने आपके विरूद्ध अस्थाई निषेधाज्ञा लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 12 माह 11 सन् 2024 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तोवज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तोवजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति मे किया जायेगा। यह आज दिनांक 25 माह 09 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।
रीडर/शरिस्तेदार
अपर सिविल न्यायालय
एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम सं. 18
जयपुर महानगर द्वितीय मुख्यालय, आमेर
(मुहर)

गोविंद देवजी को लगाया साढ़े 3 क्विंटल अन्नकूट प्रसादी का भोग

जयपुर। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को छोटीकाशी में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। ठाकुरजी को नवीन अन्न से तैयार पकवानों सहित अन्य व्यंजनों का भोग लगाया गया।

जयपुर के आराध्यदेव ठाकुर श्री गोविंद देवजी के मंदिर में अन्नकूट उत्सव पर शनिवार को मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में दोपहर 12 बजे से 12.30 बजे तक विशेष अन्नकूट झांकी के दर्शन हुए। ठाकुर श्रीजी को मूली, गाजर, आलू, मटर, पालक, मैथी, धनिया, मिर्च, फली सहित दो दर्जन से अधिक सब्जियां, 25 प्रकार के कच्चे भोग के व्यंजन एवं छप्पन भोग अर्पित किए गए।

- **मंदिर परिसर में गोवर्धन पर्वत और गाय के बछड़े का पूजन भी किया**

विशेष झांकी दौरान मंदिर पश्चिम द्वार पर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने गोवर्धन पर्वत और गाय के बछडे की पूजा की। ठाकुरजी को अर्पित की गई करीब साढे तीन सौ किलो प्रसादी बाद में भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित की गई। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इससे पूर्व सुबह ठाकुर श्रीजी का मंगला आरती के बाद पंचामृत से वेद मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। ठाकुर श्रीजी को प्राचीन सुनहरी पोशाक धारण कराई गई।

इसके साथ ही कनक घाटी स्थित ठाकुर श्री राधा माधव जी, ठाकुर श्री गणेश जी, मंदिर श्री काला महादेव जी, देवी मनसा माता, मंदिर श्री कुंज बिहारी, ठाकुर श्री महादेव जी, राजामल का तालाब स्थित मंदिर श्री हनुमानगढ़ी, अमानिया चौक स्थित मंदिर श्री गिरधारी जी, मंदिर श्री गोपेश्वर महादेवजी, मंदिर श्री गोपाल जी तालाब, मंदिर श्री मुरली मनोहर जी, मंदिर श्री नटवर जी, मंदिर श्री गोपाल जी रोपाडा गोने रोड सहित अन्य सभी मातहत मंदिरों में भी शनिवार को अन्नकूट महोत्सव मनाया गया।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में दीपावली पर नेताओं ने की विशेष पूजा-अर्चना

जयपुर । भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सभी प्रदेशवासियों को दिपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। मदन राठौड़ ने पूजा अर्चना करके प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पाली के कार्यकर्त्ताओं, व्यापारियों और स्थानियों नेताओं ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को दिपावली की हार्दिक शुभकमानाएं दी साथ ही प्रदेश में होने वाले उपचुनाव में जीत की अग्रीम शुभकामनाएं दी।

- **500 वर्ष के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम अयोध्या में विराजे, सनातनियों में है खुशी : मदन राठौड़**

मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्त्ता त्यौहार के अवसर पर भी उपचुनाव की तैयारी में लगे हुए है और इन सभी कार्यकर्त्ताओं के त्याग और अथक परिश्रम से ही राजस्थान में भाजपा की सरकार बनी है और आगामी उपचुनाव में भी सभी 7 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी विजय हासिल करेंगे।

मदन राठौड़ ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन की सरकार किसानों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं के लिए योजनाएं लागू कर प्रदेश को विकास, सुरक्षा और स्थिरता की नयी राह पर ले जा रही है।

भाजपा कार्यालय में पूजा-अर्चना के दौरान प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, विधायक बाल मुकुंदाचार्य, महापौर सौम्या गुर्जर समेत कई नेता मौजूद रहे।

दीपावली के शुभ अवसर पर जयपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रतिवर्ष के भांति पूजा अर्चना का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, हवा महल विधायक बाल मुकुंदाचार्य, जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, विधायक प्रत्याशी रवि नैययर, पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता, पूर्व राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा, राजस्थान भाजपा के मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ और बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत शामिल रहे। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और आगामी उपचुनाव में भाजपा की जीत के लिए और प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के बाद सरदार पटेल ने अपनी जिस दृढ़शक्ति के बल पर देश को एकता के सूत्र में पिरोया, वह हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की एकता का विजन साझा करने वाले सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने की ऐतिहासिक पहल की और उनके कुशल नेतृत्व में देश में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को मजबूती प्रदान की जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

दीपावली उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व : मुख्यमंत्री

'राइजिंग राजस्थान' को देश-विदेश से मिल रहा समर्थन, प्रदेश के युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर मिलेंगे : भजनलाल शर्मा

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को सांगानेर पहुंचकर प्रधान वाटिका में दीपावली स्नेह मिलन समारोह में शिरकत की। भाजपा सांगानेर की ओर से आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को पंचदिवसीय दीपोत्सव पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह त्योहार व्यक्ति के मन में उमंग, उल्लास और खुशी लेकर आता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 500 वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला का दिव्य और भव्य मन्दिर बना है, इसलिए इस वर्ष की दीपावली खास है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बने 10 महीने हो चुके हैं, इस दौरान जो परिवर्तन आया है वो सभी ने देखा है। पानी की आवश्यकता की पूर्ति के लिए ईआरसीपी, यमुना जल समझौता हुआ। मानसून में अच्छी वर्षा से प्रदेश के बांध भी भरे हैं। किसान खुशहाल है, क्योंकि फसलों का अच्छा दाम मिल रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को सांगानेर पहुंचकर प्रधान वाटिका में दीपावली स्नेह मिलन समारोह में शिरकत की। इस दौरान उनके साथ महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर व उपमहापौर पुनीत कर्णावट भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रदेश की 8 करोड़ जनता के लिए काम करते हैं। इस वर्ष जो बजट पेश किया गया, उसमें सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए बजट दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट खर्च से लेकर विकास कार्यों के लिए जमीन अलॉटमेंट के कार्य किए गए हैं। 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरी एवं इस वर्ष 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। युवा तैयारी करें, क्योंकि 2 वर्ष का भर्ती कलेण्डर भी निकाला गया है। कैबिनेट में 90 हजार भर्तियां निकालने का मार्ग प्रशस्त हुआ है, आने वाले समय में इनकी भी विज्ञिप्तयां आएंगी। 60 हजार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती होने से युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। निजी क्षेत्र में भी 6 लाख से अधिक नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 9 से 11 दिसम्बर तक राइजिंग राजस्थान होने जा रहा है। विदेशों से, प्रवासी राजस्थानियों एवं उद्योगपतियों से हमें समर्थन मिल रहा है। प्रदेश में निवेश आकर्षित किया जा रहा है। निवेश करने वाले हर व्यक्ति की मदद के लिए सरकार तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें कार्य करने की ताकत सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से मिलती है। समारोह में जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, उपमहापौर पुनीत कर्णावट, संत प्रकाशदास महाराज, विधानसभा संयोजक प्रकाश तिवाडी, मण्डल अध्यक्ष अशोक सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

श्री कृष्ण बलराम मंदिर में बनाया 21 फीट ऊंचा गोवर्धन पर्वत

जयपुर। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा महोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। टोंक रोड सांगानेर स्थित श्री पिंजरापोल गोशाला में गोबर से गोवर्धन पर्वत की स्वरूप झांकी सजाई गई। गोवर्धन पर्वत के साथ अन्य झांकियां भी सजाई गई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने गोवर्धन पर्वत की पूजा कर परिक्रमा की। हरे कृष्ण मूवमेंट, जयपुर की ओर से जगतपुरा स्थित श्री कृष्ण बलराम मंदिर में गोवर्धन पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने श्रद्धापूर्वक श्री गिरिराज गोवर्धन भगवान की पूजा-अर्चना कर संकीर्तन किया। दीपदान कर जयकारों के साथ गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की। 21 फीट ऊंचा गोवर्धन पर्वत रहा। इसे पवित्र नदियों और तीर्थों के जल और गाय के गोबर से बनाया गया। श्री कृष्ण बलराम को अनाज की विशेष पोशाक धारण कराई गई। भक्तों ने 108 प्रकार के पकवान तैयार करके भोग लगाया। मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने श्री कृष्ण बलराम की दीपों से विशेष आरती कर दीपदान किया। मंदिर के अध्यक्ष अमितासना दास ने स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन अन्नकूट महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ। वहीं दिल्ली रोड स्थित मंदिर श्री गीता गायत्री में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। माता गीता- गायत्री की पूजा-अर्चना कर फूल बंगला झांकी सजाई। महिलाओं ने गोबर का गोवर्धन बनाकर पूजन कर परिक्रमा की। गोवर्धन पर्वत को अन्नकूट का भोग लगाया।

खोया-पाया
मेरा प्लॉट नं. 32/ए/711 आर्शीवाद अपार्टमेन्ट, प्रतापनगर